# पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ

## अध्यक्ष, छात्र कल्याण

बिहार- 854301 Email ID :- dsw@purneau.ac.in


पत्रांकः– PUP/ DSW/ 91/25 दिनांकः– 28.06.2025

## U.G (CBCS) सत्र– 2025-2029 के संदर्भ में महत्वपूर्ण सूचना
## Important Notice for U.G. (CBCS) Session 2025-2029

**प्रिय आवेदक,**

नामांकन हेतु ऑनलाईन भरे गये नामांकन आवेदन प्रपत्र के गहन जाँच के क्रम में पाया गया है कि कुछ विद्यार्थियों द्वारा 10वीं एवं 12वीं के पूर्णांक (Full Marks) और प्राप्तांक (Obtained Marks) भरने में त्रुटि पाई गई है तथा कुछ विद्यार्थी ने केवल अंको का प्रतिशत ही भरा है अर्थात प्राप्तांक एवं पूर्णांक नहीं भरें है। इसमें सुधार हेतु शैक्षणिक योग्यता अनुभाग (Educational Qualifications Section) को अपडेट (Update) करने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं। नामांकन पोर्टल, शैक्षणिक अंको के सुधार हेतु सिर्फ **दिनांक 29.06.2025 से 04.07.2025** तक खुला रहेगा। 10वीं एवं 12वीं की Original Marksheet के अनुसार पूर्णांक एवं प्राप्तांक को पोर्टल में सुधार न किये जाने की परिस्थिति में मेरिट लिस्ट में नाम नहीं आने की तथा नामांकन नहीं होने की सम्पूर्ण जवाबदेही सिर्फ आवेदक की होगी। विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि सबसे पहले अपने ऑनलाईन भरे गये नामांकन आवेदन प्रपत्र के प्रिंट की प्रति को सावधानी से देखे कि आपने 10वीं एवं 12वीं के पूर्णांक (Full Marks) और प्राप्तांक (Obtained Marks) नहीं भरा है या भरने में कोई त्रुटि तो नहीं की है। **यदि त्रुटि है तब क्या करें ?**

**कृप्या निम्नलिखित चरणों का पालन करें:–**

1. विश्वविद्यालय वेबसाईट (www.purneau.ac.in) के Samarth Admission Portal पर जाएँ।
2. अपनी रजिस्ट्रेशन आईडी और पासवर्ड से लॉगिन **(Log in)** करें।
3. ‘‘Educational Details ’’ पर क्लिक करें।
4. अपनी 10वीं एवं 12वीं की Marksheet के अनुसार पूर्णांक एवं प्राप्तांक दर्ज करें।
5. Submit बटन पर क्लिक करें। भरे गये आवेदन फार्म की प्रति की प्रिंट लेकर अपने पास सुरक्षित रख लें।
6. पुनः पेमेंट की कोई आवश्यकता नहीं है।

**महत्वपूर्ण निर्देश /Important Instruction:-**

1. ज्ञातव्य हो कि पूर्व में भी पत्रांक DSW- 74/25 दिनांक– 18.06.2025 द्वारा 10वीं एवं 12वीं के पूर्णांक (Full Marks) और प्राप्तांक (Obtained Marks) भरने में त्रुटिसुधार के लिये सूचना दी गई थी। पुनः यह अंतिम बार सुधार का मौका दिया जा रहा है। इसके बाद फॉर्म सुधार हेतु कोई अन्य मौका नहीं दिया जायेगा।
2. मेरिट सूची (Merit List) छात्र/छात्राओं द्वारा भरे गए प्राप्तांक (Obtained Marks) के आधार पर कम्प्यूटर के द्वारा तैयार की जाएगी।
3. किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण जानकारी आप के आवेदन को निरस्त (Reject) कर सकती है और इसकी सम्पूर्ण जवाबदेही आवेदक की होगी।
4. कृप्या केवल मूल प्रमाण–पत्र (Orginal Certificates) के अनुसार ही जानकारी भरें।
5. पोर्टल पर अपडेट की अंतिम तिथि (Last date to update on portal): [29.06.2025-04.07.2025]
6. इस संदर्भ में सहायता हेतु हेल्पलाईन पर संपर्क करें।

Email: help-deskadmission@purneau.ac.in
Helpline: 7004639847 / 6204048008 (Timing: 10:00 AM-05:00 PM)

28/06/25
**अध्यक्ष छात्र कल्याण**

# पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ

**अध्यक्ष, छात्र कल्याण**

**बिहार- 854301** **Email ID :-** dsw@purneau.ac.in

**प्रतिलिपिः–**

1. सभी प्रधानाचार्य (अंगीभूत एवं सम्बद्ध) महाविद्यालय, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ।
2. सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक) पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ।
3. समर्थ नोडल पदाधिकारी सह सहायक कुलसचिव (प्रशासन–1) पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ।
4. आई०टी० सेल पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ, पूर्णियाँ को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. कुलपति/प्रतिकुलपति/कुलसचिव के निजी सहायक, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ।
6. सूचना पट्ट।
7. गार्ड फाईल।

28/06/25

अध्यक्ष छात्र कल्याण